# University in News on 11 March 2024

## NBT PAGE 5

### छात्रों को मिलेंगे स्मार्टफोन

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू में 13 मार्च को तीन संकाय के स्टूडेंट्स को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। डिजी शक्ति योजना के नोडल समन्वयक डॉ.आरवी सिंह के मुताबिक बीएसई एनईपी, बीकॉम ऑनर्स और बीए एनईपी के छठे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को स्मार्टफोन बांटे जाएंगे। स्टूडेंट्स को एलयू का आईडी कार्ड और आधार कार्ड साथ में ले जाना होगा।

### 27 छात्रों का प्लेसमेंट

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू में 27 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि जेनपैक्ट कंपनी ने चयनित स्टूडेंट्स को 4.25 लाख से 6.25 लाख रुपये पैकेज मिलेगा।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : कर्मियों के रहने के लिए दो नए अपार्टमेंट तैयार

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को जल्द ही नए आवास की सुविधा मिलेगी। इसके लिए हबीबुल्लाह छात्रावास के पास खाली जमीन पर गोमती व सरयू अपार्टमेंट बनवाए गए हैं। इन अपार्टमेंट के साथ विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विवेकानंद द्वार का लोकार्पण 12 मार्च को कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि हबीबुल्लाह छात्रावास के पास नौ मंजिला टाइप थ्री गोमती अपार्टमेंट बनाया गया है। इसमें 36 फ्लैट हैं। वहीं, टाइप टू सरयू अपार्टमेंट में 16 फ्लैट बने हैं। कुलाधिपति द्वारा लोकार्पण होने के बाद इसे कर्मचारियों को रहने के लिए आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में हबीबुल्लाह के सामने टाइप टू के 16 फ्लैट आवंटित किए जा चुके हैं।



लवि के हबीबुल्लाह छात्रावास के पास बना गोमती अपार्टमेंट • सौ. लवि

**50 फीट ऊंचा और करीब 60 फीट चौड़ा है नया द्वार :** विश्वविद्यालय में बंद पड़े गेट नंबर तीन के स्थान पर भव्य नया द्वार तैयार किया गया है। 50 फीट ऊंचे और करीब 60 फीट चौड़े गेट का नाम विवेकानंद द्वार रखा गया है। अभी तक विश्वविद्यालय में गेट नंबर एक ही इतना बड़ा है, जिसका नाम भाऊराव देवरस द्वार है।

### पीएचडी के नौ और विषयों में साक्षात्कार की तिथि जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएच.डी दाखिले के लिए नौ और विषयों में साक्षात्कार की समय सारिणी जारी कर दी है। इनमें रेगुलर पीएच.डी के छह और पार्ट टाइम के तीन विषय शामिल हैं। प्रवेश समन्वयक की ओर से विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की गई है। (जासं)

### लवि : 27 छात्र-छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से 27 छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला है। सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 4.25 लाख से 6.25 लाख रुपये की वेतन सीमा में नियुक्त किया गया है। (जासं)

### छात्रों को कराया गया योग

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में रविवार को आर्ट आफ लिविंग संस्था की ओर से योग और ध्यान की परिचयात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संस्था से डा. विमल खन्ना और डा. श्वेता उपाध्याय ने छात्रों को सुदर्शन क्रिया की विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को योग कराते हुए पंच कोष ध्यान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर छात्रावास के प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री मौजूद रहे। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक डा. विमल ने बताया कि 17 से 21 मार्च तक आर्किटेक्चर कालेज में शाम पांच से 7.30 बजे तक मेडिटेशन और ब्रेथ वर्कशॉप होगी।

## i-NEXT PAGE 4

### 27 स्टूडेंट्स को मिला प्लेसमेंट

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से 27 छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला है. सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 4.25 लाख से 6.25 लाख रुपये की वेतन सीमा में नियुक्त किया गया है.

### प्रो. मधुरिमा लाल बनीं समन्वयक

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मधुरिमा लाल को यूजीसी नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त युवमंथन जी 20 का समन्वयक नियुक्त किया है. इस योजना के तहत तीन चरणों में युवाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

### छात्रों को कराया गया ध्यान और योग

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास में रविवार को आर्ट आफ लिविंग संस्था की ओर से योग और ध्यान की परिचयात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें संस्था से डा. विमल खन्ना और डा. श्वेता उपाध्याय ने छात्रों को सुदर्शन क्रिया की विस्तार से जानकारी दी.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि : रोजगार के साथ शोध की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट में 27 छात्रों का चयन हुआ है। सभी छात्रों को सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा स्थान दिलाया गया है। सेंट्रल प्लेसमेंट प्रभारी प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस वर्ष पांच सैकड़ा से अधिक छात्रों को अलग - अलग कंपनियों में रोजगार मिल चुका है। इसी कड़ी में रविवार को भी कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें कंपनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। एक-एक कर 27 छात्रों का चयन हुआ। जिसमें उन्हें चार और छह लाख से अधिक सालाना पैकेज के रूप में सुनिश्चित किये गए।

### राज्यपाल करेंगी गेट और इमारतों का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की राज्यपाल मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के नवनिर्मित गेट और इमारतों का लोकार्पण करेंगी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित किये जाने की बात भी सामने आई है। लविवि परिसर में गेट का नवनिर्माण किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गोमती अपार्टमेंट और सरयू अपार्टमेंट का भी निर्माण किया जा चुका है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल नवनिर्मित इमारतों और गेट का लोकार्पण करने के लिए मंगलवार को आएंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों के साथ संवाद किये जाने के बात भी सामने आई है। कार्यक्रम को लेकर रविवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने एक बैठक की। इसमें कार्यक्रम से जुड़े विषयों पर वार्ता हुई। राज्यपाल के कार्यक्रम से जुड़े हर बिन्दुओं पर भी जानकारियां साझा की गईं। इस दौरान रजिस्ट्रार सहित संकायाध्यक्ष शामिल रहे।